राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(4)गृह–1/2022 (8444)   जयपुर, दिनांक :

<u>आदेश</u>

राजस्थान पुलिस सेवा की सुपरटाईम स्केल की वर्ष 2021–22 की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री हिम्मत सिंह के विरूद्ध ज्ञापन क्रमांक प.1(79)कार्मिक/क–3/2019 दिनांक 03.09.2019 के द्वारा आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण श्री हिम्मत सिंह की पदोन्नति पर विचार किया जाकर अभिशंषा को सील्ड कवर में रखा गया है।

श्री हिम्मत सिंह के विरूद्व विचाराधीन उक्त विभागीय जांच कार्यवाही को इस विभाग के आदेश क्रमांक प.14(11)गृह–1/2019 दिनांक 02.11.2023 के द्वारा भविष्य में सतर्कता पूर्वक कार्य करने की चेतावनी देते हुए निस्तारित किया गया है। इस कारण राजस्थान पुलिस सेवा की सुपरटाईम स्केल की वर्ष 2021–22 की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सील्ड कवर में किये गये श्री हिम्मत सिंह की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री हिम्मत सिंह को राजस्थान पुलिस सेवा की सुपरटाईम स्केल के पद पर वर्ष 2021–22 में दिनांक 01.04.2021 की रिक्ति के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। इनकी वरिष्ठता श्री जगदीश प्रसाद व्यास, (सामान्य) के नीचे एवं श्री सुनील कुमार (सामान्य) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री हिम्मत सिंह, आरपीएस को रिक्ति दिनांक से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राजस्थान विधान सभा निर्वाचन–2023 के संबंध में जारी आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर श्री हिम्मत सिंह अग्रिम आदेश तक वर्तमान पद पर ही कार्य करते रहेंगे।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(जगवीर सिंह)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

RajKaj Ref
5070955

Digitally signed by Jagveer Singh
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2023.11.21 15:43:46 IST
Reason: Approved

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email- home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2022/ACP/Latter